आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 01.11.2024 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी किये।
- रोशनी के पर्व दीपोत्सव की श्रृंखला में आज कुछ स्थानों पर दीपावली–कई जगह गोवर्धन और अन्नकूट के आयोजन।
- दिवाली स्नेह मिलन और रामा–श्यामा के साथ ही उपचुनाव वाले क्षेत्रों में जनसम्पर्क तेज़।
- अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर महोत्सव के तहत कल से पशु मेले की शुरूआत होगी।

000

केन्द्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी किये हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत एक हजार 261 करोड़ रुपये की मंजूरी इस योजना के लिए दी थी। इसमें महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाते हैं। चालू वित्त वर्ष से 2026 तक साढे 14 हजार चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन देने का लक्ष्य रखा गया है। ड्रोन और उसके उपकरणों की लागत का अस्सी प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया जाएगा, जिससे वे ड्रोन खरीद सकेंगे। इस सहायता की अधिकतम राशि आठ लाख रुपये है। महिला स्वयं सहायता समूह की किसी एक सदस्या को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कृषि पोषक तत्वों और कीटनाशकों के उपयोग का अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवाओं से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आवेदन करने का आग्रह किया है। ये पुरस्कार सामाजिक सेवा, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों और संगठनों को प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों के लिए 15 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पुरस्कार के रूप में पदक, प्रमाण पत्र और व्यक्तिगत श्रेणी में एक लाख रुपये की राशि तथा संगठन को तीन लाख रुपये नकद दिये जाते हैं। एक वीडियो संदेश में, डॉ. मांडविया ने कहा कि ये पुरस्कार सराहना के साथ ही युवा नेतृत्व का सम्मान है।

000

रोशनी के पर्व दीपोत्सव के तहत आज कुछ स्थानों पर दीवाली मनाई जा रही है। इस बार अमावस्या की तिथि दो दिन रहने के कारण ऐसा हो रहा है। वहीं कई जगह गोवर्धन और अन्नकूट महोत्सव रखे गए हैं। कार्तिक अमावस्या के दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा की जाती है। गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर पुष्प और दीपक जलाकर पूजन किया जाता है। उधर, मंदिरों में अन्नकूट बनाकर प्रसादी वितरण किया जा रहा है। पुष्टी मार्गीय प्रधान पीठ राजसमंद के नाथद्वारा के श्रीनाथजी मंदिर में आज परम्परागत अन्नकूट उत्सव मनाया जा रहा है। वागड़ क्षेत्र के बेणेश्वर धाम पर श्रद्धालुओ की खासी भीड़ है। हमारे डूंगरपुर संवाददाता ने बताया कि सोम, माही और जाखम नदियों के संगम स्थल पर आज बड़ी संख्या में लोगों ने पवित्र स्नान किया।

..............

चूरू के प्रसिद्ध सालासर बालाजी मंदिर में भी देश के कोने–कोने से श्रद्धालु पहुंचे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह से ही दर्शानार्थियों की कतारें देखी जा रही हैं।

..................

उधर, ब्रज क्षेत्र भरतपुर में अधिकांश स्थानों पर गोवर्धन पूजा कल की जाएगी। राजधानी जयपुर के गोविन्ददेव जी सहित अन्य मंदिरों में कल होने वाले अन्नकूट महोत्सव पर सजायी जाने वाली छप्पनभोग झांकी की तैयारियां जोर–शोर से की जा रही है।

................

उदयपुर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव आज मनाया जा रहा है। वहीं जगदीश मंदिर में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन कल होंगे। सवाईमाधोपुर के रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम पर बड़ी संख्या में लोगों ने पवित्र स्नान कर दान पुण्य किया। प्रदेशभर में लोग एक–दूसरे को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। रामा–श्यामा करने के साथ ही मिठाईयों और उपहारों का भी

आदान–प्रदान भी किया जा रहा है। टोंक के मालपुरा में नेहरु युवा केन्द्र और मानव सेवा समिति की ओर से जरूरतमंदों को नए कपड़े वितरित किये गये।

पुलिसकर्मियों की दीवाली आज है। कल ड्यूटी पर तैनात रहने के कारण वे आज ये पर्व मना रहे हैं। टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिसकर्मियों को मिठाई बांटकर उनके साथ दिवाली मनाई।

दिवाली के साथ ही स्नेह मिलन समारोह का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सांगानेर में आयोजित दिवाली स्नेह मिलन में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उमंग और उल्लास का ये पर्व एक–दूसरे को जोड़ने का संदेश देता है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आज बीकानेर में बीएसएफ जवानों के साथ दिवाली का त्यौहार मनाया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित किये और जवानों का मुंह मीठा करवाकर खुशियां मनाईं।

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण उत्सव भी आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर टोंक में महावीर स्वामी की प्रतिमा पर जलाभिषेक किया गया और निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया।

000

सामाजिक सौहार्द और समरसता के पर्व दीपावली की रामा–श्यामा के साथ ही उपचुनाव के लिए प्रचार ने गति पकड़ ली है। प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। सबसे अधिक 12–12 प्रत्याशी दौसा और खींवसर निर्वाचन क्षेत्र में हैं। हमारे नागौर संवाददाता ने बताया कि उम्मीदवार त्यौहारी रामा–श्यामा के साथ ही जनसम्पर्क कर रहे हैं।

.............

दौसा में भी प्रचार कार्य ज़ोर पकड़ रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। यहां उपचुनाव के लिए 240 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

000

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज आज वार्षिक दिवाली मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित कर रहा है। इसके साथ ही नए कैलेंडर सम्वत् 2081 की शुरूआत होगी। एनएसई के अनुसार प्री ओपन ट्रेडिंग सेशन 15 मिनट के लिए और सामान्य ट्रेडिंग सेशन एक घंटे के लिए शाम छह से सात बजे तक रखा गया है। भारतीय शेयर बाजार दिवाली के दिन मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित करते हैं।

000

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने रिजर्वेशन की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष 31 अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट मिल सकेंगे। इधर, त्यौहारी सीजन में बढ़े हुए यात्री भार को देखते हुए उत्तर–पश्चिम रेलवे आज बीस अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। इनमें बीकानेर–शिरड़ी, जोधपुर–मउ स्पेशल, अजमेर–बांद्रा स्पेशल, जयपुर–उदयुपर सहित अन्य गाड़ियां शामिल हैं। इसी तरह कल 26 अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां संचालित होंगी। यात्री दबाव के देखते हुए कोटा से हिसार और हड़पसर के बीच चलने वाली ट्रेन को तीन–तीन विशेष फेरों में चलाया जा रहा है।

000

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर महोत्सव के तहत पशु मेला कल से शुरू होने जा रहा है। ये देश के सबसे बड़े पशु मेलों में शामिल है। पर्यटन विभाग की ओर से पुष्कर महोत्सव का आयोजन नौ नवम्बर से शुरू होकर सात दिन चलेगा। वहीं धार्मिक मेले में 'पंचतीर्थ स्नान' 12 से 15 नवम्बर तक होगा। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि मेले के लिए पड़ोसी राज्यों से भी पशु पालकों का आना शुरू हो गया है।

..................

000